# आइजीआइएमएस में आज से विशेष वार्ड में बच्चों के कैंसर का उपचार

जागरण संवाददाता, पटना : इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आइजीआइएमएस) में कैंसर का इलाज कराने आ रहे मासूम बच्चों के लिए अलग से चार बेड का पीडियाट्रिक ओंकोलाजी वार्ड की सुविधा शुरू होने जा रही है। इसमें नवजात के अलावा छोटे बच्चों के कैंसर का इलाज किया जाएगा। राज्य के सरकारी संस्थानों में प्रदेश का यह पहला अस्पताल होगा जहां कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए समर्पित अस्पताल बना जा रहा है। इतना ही नहीं संस्थान के फिजियोथेरेपी विभाग में रोबोट तकनीक से इलाज की सुविधा सहित अन्य आधुनिक उपकरण, तीन माड्यूर आपरेशन थियेटर, मालीक्यूलर फार्माकोलाजी रिसर्च सेंटर लैब सहित कुल चार सुविधाएं मंगलवार से लोगों को मिलने जा रही हैं। संस्थान प्रशासन की ओर से इन चारों सुविधाओं के उद्घाटन की लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। काफी समय से इसकी मांग की जा रही थी। अब मरीजों को राहत मिलेगी।

# विशेष वार्ड में कैंसर का इलाज आज से

**आईजीआईएमएस**

- चार सुविधाओं का स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय करेंगे उद्घाटन

**पटना, प्रसं।** आईजीआईएमएस में कैंसर से पीड़ित छोटे बच्चों को इलाज के लिए अलग वार्ड की सुविधा मिलेगी। मंगलवार से संस्थान में अलग से चार बेड पर पेडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी की सुविधा बहाल होगी। इसमें कैंसर से पीड़ित छोटे बच्चों का इलाज होगा।

इस वार्ड का उद्घाटन मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा किया जाएगा।साथ ही मंगलवार से ही संस्थान के फिजियोथेरेपी विभाग में रोबोट तकनीक से इलाज की सुविधा सहित अन्य आधुनिक उपकरण, 3 मॉड्यूर ऑपरेशन थियेटर, मॉलेक्यूलर फार्माकोलॉजी रिसर्च सेंटर लैब सहित कुल चार सुविधाओं का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री करेंगे।

**रोबोटिक फिजियोथेरेपी से न्यूरो-मस्कूलर परेशानी से मिलेगी राहतः** आईजीआईएमएस के फिजियोथेरेपी विभाग में अब रोबोटिक तकनीक से मरीजों का इलाज होगा। इसके लिए संस्थान में दो नई रोबोटिक उपकरण समेत कई अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। फिजियोथेरेपी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पांडेय ने बताया कि लकवा, ब्रेन इंजरी, सेरेब्रल पाल्सी, रीढ़ की हड्डी की चोट के कारण हाथ-पैरों के बेकार होने और चक्कर से पीड़ित मरीजों के लिए रोबोटिक तकनीक से इलाज काफी कारगर होगा। रोबोटिक फिजियोथेरेपी के माध्यम से प्रभावित हिस्से का सटीक आकलन कर इलाज और व्यायाम का डिजाइन तैयार कर लिया जाता है।

# पटना फ्रंट पेज

dainikbhaskar.com

**आईजीआईएमएस • अब रोबोटिक तकनीक से फिजियो**

## कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए अलग बेड की सुविधा आज से

हेल्थ रिपोर्टर|पटना



आईजीआईएमएस में कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए मंगलवार से चार बेड की सुविधा बहाल हो जाएगी। इसके साथ ही यह राज्य का पहला अस्पताल होगा, जहां कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए अलग बेड होगा। यही नहीं, संस्थान के फिजियोथेरेपी विभाग में रोबोट तकनीक से इलाज, तीन मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, मॉलिक्यूलर फार्माकोलॉजी रिसर्च सेंटर लैब सहित चार सुविधाएं भी मिलने लगेंगी। इन सुविधाओं के उद्घाटन की तैयारी अस्पताल प्रशासन ने कर ली है। स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय सांसद इसका उद्घाटन करेंगे। फिजियोथेरेपी विभाग में अब रोबोटिक तकनीक से मरीजों का इलाज होगा। इसके लिए दो रोबोटिक उपकरण लगाए गए हैं। आईजीआईएमएस के निदेशक डॉ बिंदे कुमार ने बताया कि लकवा, ब्रेन इंज्यूरी, सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित मरीजों के लिए रोबोट तकनीक काफी फायदेमंद है। इनमें रिहैबिलिटेशन से मरीज काफी हद तक राहत पा सकता है। अब रोबोटिक फिजियोथेरेपी का चलन बढ़ा है। यह सुविधा अब संस्थान में मिलने जा रही है। 500 बेड के नए इमरजेंसी वार्ड में ये उपकरण इंस्टाल किए गए हैं।

6 दैनिक जागरण पटना, 24 जून, 2025

## आइजीआइएमएस में आज से विशेष वार्ड में बच्चों के कैंसर का उपचार

जागरण संवाददाता, पटना : इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आइजीआइएमएस) में कैंसर का इलाज कराने आ रहे मासूम बच्चों के लिए अलग से चार बेड का पीडियाट्रिक ऑंकोलाजी वार्ड की सुविधा शुरू होने जा रही है। इसमें नवजात के अलावा छोटे बच्चों के कैंसर का इलाज किया जाएगा। राज्य के सरकारी संस्थानों में प्रदेश का यह पहला अस्पताल होगा जहां कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए समर्पित अस्पताल बना जा रहा है। इतना ही नहीं संस्थान के फिजियोथेरेपी विभाग में रोबोट तकनीक से इलाज की सुविधा सहित अन्य आधुनिक उपकरण, तीन माड्यूर आपरेशन थियेटर, मालीक्यूलर फार्माकोलाजी रिसर्च सेंटर लैब सहित कुल चार सुविधाएं मंगलवार से लोगों को मिलने जा रही हैं। संस्थान प्रशासन की ओर से इन चारों सुविधाओं के उद्घाटन की लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। काफी समय से इसकी मांग की जा रही थी। अब मरीजों को राहत मिलेगी।

**आइजीआइएमएस. आज चार नयी सुविधाओं का होगा उद्घाटन**

## विशेष वार्ड में होगा बच्चों के कैंसर का इलाज, रोबोट से होगी फिजियोथेरेपी

संवाददाता, पटना.

आइजीआइएमएस में अब हां अलग से चार बेडों पर पेडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी की सुविधा बहाल होने जा रही है. इसमें नवजात के अलावा छोटे बच्चों के कैंसर का इलाज किया जायेगा. संस्थान प्रशासन के मुताबिक प्रदेश का यह पहला सरकारी अस्पताल होगा, जहां कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए समर्पित वार्ड तैयार किया गया है. इतना ही नहीं, संस्थान के फिजियोथेरेपी विभाग में रोबोट तकनीक से इलाज की सुविधा सहित अन्य आधुनिक उपकरण, तीन मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, मॉलीक्यूलर फार्माकोलॉजी रिसर्च सेंटर लैब सहित कुल चार सुविधाएं मंगलवार से मिलने जा रही हैं. संस्थान प्रशासन की ओर से इन चारों सुविधाओं के उद्घाटन की तैयारी पूरी कर ली गयी है.

**सुविधा-01**

**न्यूरो मस्कुलर बीमारी में रोबोटिक फिजियोथेरेपी से मिलेगी राहत :** आइजीआइएमएस के फिजियोथेरेपी विभाग में अब रोबोटिक तकनीक से मरीजों का इलाज होगा. इसके लिए दो नयी रोबोटिक मशीन सहित अन्य उपकरण आये हैं. फिजियोथेरेपी विभाग के अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पांडे ने बताया कि लकवा, ब्रेन इंज्यूरी, सेरेब्रल पाल्सी, रीढ़ की हड्डी की चोट के कारण हाथ-पैरों के बेकार होने से लाचार जिंदगी जी रहे मरीजों के लिए रोबोट तकनीक काफी फायदेमंद है. उन्होंने बताया कि प्रभावित हिस्से की सटीक मूवमेंट और मरीज के हिसाब से डिजाइन किये गये एक्सरसाइज पैटर्न जैसी खूबियों के कारण रोबोटिक फिजियोथेरेपी के परिणाम पारंपरिक फिजियोथेरेपी से अधिक बेहतर है. यह सुविधा अब संस्थान में मिलने जा रही है. 500 बेडों के नये इमरजेंसी वार्ड में उपकरण इंस्टाल कर दिये गये हैं.

पटना, मंगलवार
24.06.2025
आषाढ़ कृष्ण 14 संवत 2082
पृष्ठ 20, मूल्य : ₹ 4
नगर संस्करण
वर्ष : 29, अंक : 52
रजिस्ट्रेशन : आर एन 66055/96
prabhatkhabar.com

P.R.O.




आईजीआईएमएस • अब रोबोटिक तकनीक से फिजियो

# कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए अलग बेड की सुविधा आज से

हेल्थ रिपोर्टर | पटना

आईजीआईएमएस में कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए मंगलवार से चार बेड की सुविधा बहाल हो जाएगी। इसके साथ ही यह राज्य का पहला अस्पताल होगा, जहां कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए अलग बेड होगा। यही नहीं, संस्थान के फिजियोथेरेपी विभाग में रोबोट तकनीक से इलाज, तीन मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, मॉलिक्यूलर फार्माकोलॉजी रिसर्च सेंटर लैब सहित चार सुविधाएं भी मिलने लगेंगी। इन सुविधाओं के उद्घाटन की तैयारी अस्पताल प्रशासन ने कर ली है। स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय सांसद इसका उद्घाटन करेंगे। फिजियोथेरेपी विभाग में अब रोबोटिक तकनीक से मरीजों का इलाज होगा। इसके लिए दो रोबोटिक उपकरण लगाए गए हैं। आईजीआईएमएस के निदेशक डॉ बिंदे कुमार ने बताया कि लकवा, ब्रेन इंज्यूरी, सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित मरीजों के लिए रोबोट तकनीक काफी फायदेमंद है। इनमें रिहैबिलिटेशन से मरीज काफी हद तक राहत पा सकता है। अब रोबोटिक फिजियोथेरेपी का चलन बढ़ा है। यह सुविधा अब संस्थान में मिलने जा रही है। 500 बेड के नए इमरजेंसी वार्ड में ये उपकरण इंस्टाल किए गए हैं।

